भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

31.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1563 का उत्तर

नए रेल मंडल बनाने की योजना

1563. श्री दिलीप राय:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेल मंत्रालय की योजना चालू वित्त वर्ष के दौरान देश में नए रेल मंडल बनाने की है;

(ख) यदि हाँ, तो इन मंडलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार राउरकेला - चक्रधरपुर मंडल को मिलाकर एक नया रेल मंडल बनाने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल में मंडल की स्थापना अर्थव्यवस्था और कार्यक्षमता की आवश्यकताओं के अनुरूप आकार, कार्यभार, सुलभता, यातायात स्वरूप और अन्य परिचालनिक/प्रशासनिक आवश्यकताओं आदि जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए की जाती है।

चक्रधरपुर मंडल भारतीय रेल का एक मौजूदा मंडल है जो इस समय राऊरकेला सहित अपने क्षेत्राधिकार की आवश्यकताओं को सेवित कर रहा है और यह वर्तमान व्यवस्था संतोषजनक रूप से कार्य कर रही है।

****